महत्वपूर्ण एवं खास

तीन आईएएस अफसरों के प्रभारों में फेरबदल

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में पदस्थ तीन आईएएस अफसरों के प्रभारों में बड़ा फेरबदल करते हुए उन्हें नया प्रभार सौंपा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय से जारी आदेशानुसार आईएएस अफसर सुब्रत साहू अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री को अपर मुख्य सचिव लोक निर्माण विभाग का अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। साहू के पास पहले से ही अपर मुख्य सचिव इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग, रेल लाईन प्रोजेक्ट तथा अध्यक्ष छग पर्यावरण संरक्षण मंडल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, विकास आयुक्त एवं महानिदेशक ठाकुर प्यारेलाल ग्रामीण विकास संस्थान की जिम्मेदारी है। इसी तरह आईएएस अफसर भुवनेश यादव सचिव लोक निर्माण विभाग को सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, सचिव वाणिज्य तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग एवं आयुक्त नि:शक्तजन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं आईएएस भीम सिंह रमायुक्त को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ ही साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी छग राज्य ग्रामीण सडक़ विकास अभिकरण का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

नौकरी दिलाने का झांसा देकर 6 लाख की ठगी

रायपुर (आरएनएस)। पटवारी एवं फुड इंस्पेक्टर के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 6 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अशोक कुमार देवांगन 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी श्रवण कुमार कन्नौजिया ने प्रार्थी व उसके साथी टकेश्वर कुमार साहू को पटवारी व फुड इंस्पेक्टर के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 6 लाख रुपए ले लिया। जब आरोपी ने नौकरी नहीं दिलवा पाया तो प्रार्थी ने इसकी शिकायत टिकरापारा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

160 वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। आरोपियों एवं साक्षियों द्वारा न्यायालय में नियत पेशी दिनांक को उपस्थित नहीं होने से न्यायालय द्वारा स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था जिसकी तामिली हेतु थाना चौकी को प्राप्त होने पर शतप्रतिशत की तामीली हेतु जिले में अलग-अलग 04 टीमें गठित कर दिनांक 21.07.2023 से लगातार गठित टीम के द्वारा वारंटियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान फरार 47 स्थायी वारंटी एवं 113 गिरफ्तारी वारंटी इस प्रकार कुल 160 वारंटियों को पकडऩे में पुलिस को सफलता मिली जिसमें थाना जांजगीर के 07 स्थायी वारंट 17 गिरफ्तारी वारंट, थाना मुलमुला के 04 स्थायी वारंट, 05 गिरफ्तारी वारंट, थाना बलौदा के 05 स्थायी वारंट, 11 गिरफ्तारी वारंट, थाना अकलतरा के 09 स्थायी वारंट, 12 गिरफ्तारी वारंट, थाना शिवरीनारायण के 04 स्थायी वारंट, थाना पामगढ के 09 स्थायी वारंट, 15 गिरफ्तारी वारंट, थाना नवागढ़ के 02 स्थायी वारंट, 07 गिरफ्तारी वारंट, थाना चाम्पा के 06 स्थायी वारंट, 28 गिरफ्तारी वारंट, थाना सारागांव के 01 स्थायी वारंट, 04 गिरफ्तारी वारंट, थाना बम्हनीडीह के 02 गिरफ्तारी वारंट, थाना बिर्रा के 12 गिरफ्तारी वारंट तामील कर वारंटियों को संबंधित न्यायालय में पेश किया गया है। जिला पुलिस टीम द्वारा लगातार फरार स्थाथी / गिरफ्तारी वाँटियो की तामिली हेतु सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

सुबह 9 बजे से पुलिस परेड ग्राउंड पर मनाया जाएगा आजादी का पर्व

❒ कलेक्टर डॉ. भुरे ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के लिए की बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। पहले की तरह ही इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड पर आजादी का पर्व मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस समारोह में ध्वजारोहण कर प्रदेश वासियों के नाम संदेश भी देंगे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त करने के साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफलता पूर्वक आयोजित करने के लिए कलेक्टर डॉ. भुरे ने आज अधिकारियों की बैठक में अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की और सभी काम निर्धारित समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आम नागरिकों को अपने-अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रेरित करने की बात भी कही ताकि आमजनों में देशभक्ति की भावना विकसित हो और राष्ट्र ध्वज के प्रति सम्मान बढ़े। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा, नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, अतिरिक्त कलेक्टर एन.आर. साहू, अपर कलेक्टर बी.बी पंचभाई, सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर डॉ. भुरे ने स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की सभी तैयारियों के संबंध मे विभागीय अधिकारियों से जानकारी लेकर आपसी समन्वय से कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह 15 अगस्त को सुबह 9 बजे पुलिस परेड ग्राउण्ड रायपुर में आयोजित होगा। राजधानी स्थित सभी कार्यालयों में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम सुबह 8 बजे के पूर्व सम्पन्न करा लिए जाए। समस्त कार्यालय प्रमुख अपने-अपने कार्यालय में सुबह 7.30 बजे ध्वजारोहण करेंगे तथा राष्ट्रीय गान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कलेक्टोरेट में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा और जिला स्तर पर उत्कृष्ट काम करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने उत्कृष्ट अधिकारी-कर्मचारियों की सूची 8 अगस्त तक कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मुख्य समारोह की फाइनल रिहर्सल 13 अगस्त को सुबह साढ़े आठ बजे पुलिस परेड ग्राउंड पर होगी। कलेक्टर डॉ. भुरे ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को मुख्य कार्यक्रम स्थल पर यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस परेड ग्राउंड में साफ-सफाई, पीने के पानी की व्यवस्था, वॉटर प्रूफ टेंट की व्यवस्था करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए। डॉ. भुरे ने वनमंडलाधिकारी को बैरिकेडिंग की व्यवस्था करने, जिला पंजीयक को गुब्बारे की व्यवस्था, छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के अधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान निर्बाध विद्युत व्यवस्था करने, उद्यान विभाग के अधिकारी को गमले की व्यवस्था करने तथा मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को पैरामेडिकल स्टॉफ एवं औषधियों सहित एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों की मूर्तियों पर माल्यार्पण करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। डॉ. भुरे ने ऐसे सभी परिसरों की समय रहते साफ-सफाई करने और उन्हें व्यवस्थित कराने को भी कहा।

जिले में 15 नवीन मतदान केन्द्र के प्रस्ताव को आयोग से मिली मंजूरी

❒ सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 03 और बिलाईगढ़ में 12 नए मतदान केन्द्र अस्तित्व में आए

❒ जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या 706 से बढ़कर अब 721 हुई

सारंगढ़-बिलाईगढ़। नवगठित जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में विधानसभा क्षेत्रवार कुल 15 मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण करने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसकी स्वीकृति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रदाय की गई है। इसके तहत सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 17 में 03 नए मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जबकि दो केन्द्रों के भवन का नाम परिवर्तन तथा तीन के अनुभाग में परिवर्तन किया गया है। इसी तरह बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 में 12 नवीन मतदान केन्द्र की स्थापना को आयोग ने मंजूरी दी है। इस विधानसभा क्षेत्र में दो केन्द्रों का स्थल परिवर्तन, 25 का भवन परिवर्तन, 09 मतदान केन्द्रों के भवन के नाम में परिवर्तन, 03 के अनुभाग में परिवर्तन तथा 01 अनुभाग के नामकरण में परिवर्तन किया गया है। इस प्रकार सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 342 से बढ़कर 345 हो गई है तथा बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की संख्या 364 से बढ़कर 376 हो गई है। यानी मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 706 से बढ़कर अब 721 हो गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने बताया कि सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्रांतर्गत 03 नवीन केन्द्र स्थापित किए गए हैं जिनमें केन्द्र क्रमांक 98 प्राथमिक शाला भवन मुड़ियाडीह, क्र. 118 प्राथमिक शाला भवन नाचनपाली और क्रमांक 196 प्राथमिक शाला भवन अतिरिक्त कक्ष ठेंगाकोट को नवीन मतदान केन्द्र की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसी तरह बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 12 नए मतदान केन्द्र स्थापित हैं। इनमें मतदान केन्द्र क्रमांक 59 प्राथमिक शाला माहुलडीह, क्रमांक 85 प्राथमिक शाला भवन डोंगियाभाठा, क्रमांक 176 शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा नगर भटगांव, क्र. 182 प्राथमिक शाला गंगोरीटाड़ा, क्र. 192 शासकीय प्राथमिक शाला गोंदली, क्र. 242 शासकीय प्राथमिक शाला भवन तुरकीनडीह, क्र. 256 शासकीय प्राथमिक शाला दलदली, क्र. 282 शासकीय माध्यमिक शाला तालाझर, क्र. 284 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छतालडबरा, क्र. 288 शासकीय प्राथमिक शाला भवन ढेबा, क्र. 337 प्राथमिक शाला दयालपुर तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 354 शासकीय प्राथमिक शाला चंद्रनगर सम्मिलित हैं।

सड़क में बैठने वाले घुमंतु गाय बछड़ों को किया जा व्यवस्थित और टैगिंग

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश पर जिले के सड़को में घुमंतु और आवारा पशुओं के कानों में टैग कर और गले में रेडियम पहनाया जा रहा है ताकि सड़क दुर्घटना से बचा जा सके। साथ ही साथ जिला प्रशासन द्वारा गाय, बछड़ों के मालिकों को समझाइश दी जा रही है कि अपने पशुओं को घर में बांध कर रखें। पशुधन विकास विभाग, नगरपालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों का संयुक्त अभियान विगत कई दिनों से प्रतिदिन चलाया जा रहा है। नगरपालिका सारंगढ़ सहित नगर पंचायत बिलाईगढ़, भटगांव, सरिया, बरमकेला में ऐसे गाय, बछड़ों को पकड़कर कांजी हाउस और गोठान में रखा जा रहा है, जहां उनको चारा पानी दी जा रही है। ये कार्य पशुधन विकास विभाग की टीम सरसीवां, कोसीर, दानसरा, सालर, कनकबीरा, रेड़ा, हरदी, गोडम, टिमरलगा आदि में प्रतिदिन कर रही है।

सेल्फी के चक्कर में छात्र ने गवाई जान, 24 घंटे बाद नदी से मिला शव

जशपुर (आरएनएस)। जशपुर में एक छात्र की सेल्फी के चक्कर में जान चली गई। दोस्तो के साथ नदी नहाने गये एक छात्र का पांव उस वक़्त फिसल गया जब वह सेल्फी ले रहा था । पाव फिसलते ही छात्र नदी के बहाव में जा फँसा । 24 घण्टे बाद गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से छात्र का शव नदी से बरामद किया गया। छात्र का नाम ऋषभ वर्मा बताया जा रहा है जो पत्थलगाव के पाली डीही का रहने वाला है । रविवार को वह अपने दोस्त के साथ पत्थलगाँव के किलकिला स्थित मांड नदी नहाने आया था ।नहाने के दौरान मृतक छात्र सेल्फी ले रहा था तभी वह अचानक अनबैलेन्स होकर नदी के बहाव में चला गया ।

नंदी में बहते ही वहां पर अफरा तफऱी मच गई । नदी से बाहर निकालने वहां मौजूद लोगों ने पूरी कोशिश की लेकिन जब सफलता नहीं मिली तब गोताखोरों को बुलाया गया । रविवार को सारा दिन मशक्कत करने के बाद भी जब सफलता नहीं मिली तो सोमबार को फिर से कोशिश की गई। सोमबार की दोपहर किसी तरह उसके शव को बरामद किया गया।मृतक 10 वीं का छात्र बताया जा रहा है।

जिला सक्ती भ्रमण पर डीआईजी राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर-एसपी से भेंटकर ली जिले की कानून व्यवस्था की जानकारी

❒ पुलिस अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के दिए निर्देश

❒ सक्ती भ्रमण दौरान कलेक्टर और एसपी के साथ पहुंचे आत्मानंद स्कूल के बच्चों के बीच, छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित

रायगढ़ । रायगढ़ रेंज रायगढ़ के नव पदस्थ पुलिस उप-महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग आज जिला सक्ती के आकस्मिक भ्रमण पर थे, पुलिस कार्यालय सक्ती में कलेक्टर सक्ती नूपुर राशि पन्ना एवं एसपी सक्ती एम.आर.आहिरे द्वारा डीआईजी गर्ग का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। डीआईजी गर्ग ने अधिकारियों से नवगठित जिले की भौगोलिक पृष्ठभूमि तथा कानून व्यवस्था के संबंध में चर्चा किये जिसके बाद डीआईजी गर्ग पुलिस कार्यालय के स्टाफ से भेंट कर कार्यों की जानकारी लिए तथा उन्हें कार्यालय को प्राप्त होने वाली शिकायतों की जांच गुणवत्तापरक किये जाने निर्देश दिये। पुलिस कार्यालय भ्रमण पश्चात डीआईजी गर्ग रेस्ट हाउस सक्ती में प्रेसवार्ता में प्रेसकर्मियों से भेंट किया गया जिसके उपरांत कलेक्टर और एसपी के साथ आत्मानंद स्कूल सक्ती जाकर वहां के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति मोटिवेट किया गया। गर्ग द्वारा छात्राओं को अनुशासन में रहकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति करने निरंतर अग्रसर होना कहा गया। अपने आकस्मिक भ्रमण में डीआईजी गर्ग द्वारा थाना सक्ती का आकस्मिक भ्रमण किया गया, जहां वे पुलिसकर्मियों को बेतहर पुलिसिंग के जरिये आमजन का विश्वास अर्जित करने प्रेरित किया गया। भ्रमण दौरान सक्ती एडिशनल एसपी गायत्री सिंह तथा आरआई उमेश राय भी मौजूद थे।

फौजी बिटिया गांव पहुंची तो ग्रामीणों ने किया स्वागत, स्वतंत्रता सेनानी नाना से मिली प्रेरणा

राजिम (आरएनएस)। गरियाबंद जिले के फि ंगेश्वर ब्लाक के छोटे से गांव जोगिडीपा की बेटी अब देश की सेवा में लग गई है. उमेश्वरी जब असम राइफल्स सेना में भर्ती हुई तो पिता के आंखों से आंसू रुक नहीं रहे थे. चूल्हा में खाना बनाती यह बिटिया अब फौजी बिटिया बन गई है, जिसे देख हर किसी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया।

उमेश्वरी अभी 22 साल की है और जब असम राइफल्स की चुनौतीपूर्ण ट्रेनिंग के बाद गांव पहुंची तो रायफलमेन उमेश्वरी का लोगों ने जोरदार स्वागत किया. उमेश्वरी के नाना स्वतंत्रता सेनानी गणेशराम 1939 में सेना थे. उमेश्वरी ने बताया, उस वक्त नाना को मिले मेडल और तिरंगा को रोज देख वहीं से सेना में जाने की प्रेरणा मिली।

मध्यम वर्ग की बेटी उमेश्वरी शुरू से होनहार और बेहतर खिलाड़ी है. उमेश्वरी के फौजी में जाने से परिवार में पिता किसुन ध्रुव, मां बृंदा, भाई योगेश, राकेश दादी के आंखे नम हो गई. घर में खेती किसानी, चूल्हा चैकी और परिवार का ख्याल करने वाली उमेश्वरी अब आंतरिक सुरक्षा का मोर्चा संभालेगी और उग्रवादियों से लोहा लेने तैयार हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

नवदंपति को संतान की चाह में तांत्रिक का सहारा लेना पड़ा महंगा, जड़ी-बूटी खाने से पत्नी की मौत, पति की हालत गंभीर

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से एक अंधविश्वास का मामला सामने आया है, जिसमें नवदंपति को संतान की चाह में तांत्रिक का सहारा लेना महंगा पड़ गया और महिला को जान गवानी पड़ी।

बताया जा रहा है कि नवविवाहित दंपति संतान की चाह में तांत्रिक के पास गया था. उन्हें तांत्रिक ने झाड़ फूंक के बाद पान के साथ जड़ी-बूटी दे दिया. जिसे खाते ही दोनों पति-पत्नी की हालत बिगड़ गई. दंपति को फौरन अस्पताल ले जाया गया. जहां महिला को डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया और उसके पति की हालत गंभीर है, जिसका इलाज जारी है. इस पूरे मामले में पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है. यह मामला उरगा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, उरगा थाना अंतर्गत ग्राम बरबसपुर में लवन पटेल निवास करता है. उसने अपने पुत्र रामाधार पटेल (28 वर्ष) का विवाह करीब एक साल पहले चांपा में रहने वाले फुल सिंह पटेल की पुत्री सुशीला पटेल (27 वर्ष) से किया था. रामाधार और उसकी पत्नी परिजनों के साथ ही रह रहे थे. शादी के एक साल बाद भी पति-पत्नी को संतान प्राप्त नहीं हुआ जिससे वे, हताश थे. उन्होंने संतान के लिए उपचार कराया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ. जिससे नवदंपती ने झाड़ फूंक का सहारा लेना मुनासिब समझा. वे जोगियाडेरा में किराए में रहने लगे. सुशीला की बड़ी बहन सीतामढ़ी में रहती है. जिसकी तबियत बीते कुछ दिनों से ठीक नहीं है. शनिवार की सुबह रामाधार और उसकी पत्नी सीतामढ़ी में रहने वाली बहन के घर जाने के लिए निकले. जहां से रामाधार अपने ससुर फुल सिंह और पत्नी सुशीला के साथ तांत्रिक के घर चला गया. तांत्रिक करीब एक घंटे तक झाड़ करता रहा,इस दौरान उसने नि:संतान दंपती को परवाना दे दिया. जिसे खाते ही विवाहिता को उल्टी होने लगी. जिसकी जानकारी देकर तांत्रिक ने पति पत्नी को शांत करा दिया. फुल सिंह बेटी और दामाद को लेकर उनके घर जा रहा था. इसी बीच सुशीला की हालत बिगड़ गई. वहीं रामाधार को भी उल्टी होने लगी. उसने बेटी दामाद को सुनालिया पुल के समीप स्थित एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया. जहा नवविवाहिता ने दम तोड़ दी. उसके शव को मेडिकल कालेज अस्पताल के मच्र्यूरी में रखवाया गया।